


## एक नजर में



### डॉ. उर्मि शर्मा की पुस्तकों का लोकार्पण

**उज्जैन।** पिछले तेरह सौ वर्षों के हिन्दी साहित्य का अवलोकन कर डॉ. उर्मि शर्मा ने ये पुस्तकें लिखकर उपकार का कार्य किया है। क्रांति संतों के द्वारा या स्त्रियों के द्वारा ही हो सकती है और इन पुस्तकों में क्रांतिकारी स्त्री विमर्श है। यह पुस्तकें नई पीढ़ी के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। यह विचार मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन द्वारा श्री राम जानकी मंदिर सभागृह में आयोजित कवयित्री डॉ. उर्मि शर्मा की दो पुस्तकों हिन्दी साहित्य के स्वर एवं मौन रहकर गूंजते हैं शब्द के लोकार्पण प्रसंग में पूर्व कुलपति डॉ. मोहन गुप्त ने प्रमुख अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में व्यक्त किये। सारस्वत अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि शब्द अनादि है, अनन्त है और शब्द ब्रह्म है और इन पुस्तकों की रचनाओं में ईश्वर तत्व और अक्षर तत्व है। विशेष अतिथि प्रो. नागेश्वर राव ने कहा कि पुस्तकें अपने समयकाल और आवश्यकता के अनुसार समसामयिक होकर प्रासंगिक हैं। विशिष्ट अतिथि मालवी साहित्यकार प्रो. शिव चौरसिया ने भी प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष आचार्य प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने दिया। प्रमुख वक्ता विक्रम विवि के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। पुस्तक समीक्षा डॉ. पिलकेंद्र अरोरा ने की। लेखकीय वक्तव्य डॉ. उर्मि शर्मा ने दिया। दीप आलोकन और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारंभ अतिथियों ने किया। सरस्वती वन्दना गीतकार आशीष श्रीवास्तव अश्क ने प्रस्तुत की। अतिथि स्वागत मध्यप्रदेश लेखक संघ के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह, राहुल शर्मा, आशुतोष रावल, संदीप सृजन, राजेश रावल, संतोष सुपेकर, सूरज नागर, डॉ. तारा परमार, डॉ. उमा वाजपेयी, माया बदेका आदि ने किया। आयोजन में डॉ. श्रीकृष्ण जोशी, एचएल माहेश्वरी, सुरेश यादव, सुन्दरलाल मालवीय आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. हरीशकुमार सिंह ने किया और आभार डॉ. पुष्पा चौरसिया ने व्यक्त किया।

### एमआईटी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**उज्जैन।** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन के बी.टेक (कंप्यूटर साइंस, आईटी, एआईडीएस) तथा एमसीए अंतिम वर्ष के 41 छात्रों ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित नेशनल क्वालिफाइंग टेस्ट (एनक्यूटी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। एनक्यूटी, एक राष्ट्रीय स्तर का मानकीकृत परीक्षण है। जिसे टीसीएस द्वारा योग्य इंजीनियरिंग व आईटी छात्रों के चयन हेतु आयोजित किया जाता है। यह परीक्षा छात्रों को टीसीस समूह व अन्य प्रमुख कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है। इस परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों का अंतिम चरण (इंटरव्यू) के लिए चयन हुआ है। समाचार लिखे जाने तक चयनित विद्यार्थियों के साक्षात्कार प्रारंभ हो चुके थे। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारत की अग्रणी आईटी सेवा व परामर्श कंपनी है, जो विश्वभर में अपनी उत्कृष्ट तकनीकी सेवाओं के लिए प्रसिद्ध है। इस उपलब्धि पर डॉ. मुकेश शुक्ला, निदेशक, एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन ने कहा हमारे छात्रों की यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है। टीसीएस जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में उनका चयन होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। आदित्य वशिष्ठ, सचिव, एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, एमआईटी हमेशा से छात्रों को उद्योग-प्रासंगिक प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह उपलब्धि हमारे संस्थान के शैक्षणिक मानकों और छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। हएमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन छात्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी ऐसे ही उपलब्धियों की अपेक्षा करता है।

### आत्म रक्षा से ही बचाव संभव है : नईम खान



**उज्जैन।** आत्म रक्षा से ही बचाव संभव है। ये बात आपने जज़्बा सोशल फाऊंडेशन द्वारा जामिया इस्लामिया हायर सेकंडरी स्कूल सब्जी मंडी में संचालित नि:शुल्क समर कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए कही। नईम खान ने बताया कि पिछले लगभग 20 दिन से सुबह 8 बजे से 9 बजे का सत्र आत्म रक्षा का होता है। आपने छात्राओं को विशेष रूप से समझाते हुए कहा कि अगर उनके साथ कोई गलत हरकत करता है या उनपर आक्रमण करता है तो अपने बचाव में यह विधाएं बहुत काम आती हैं। कूडो के हेड कोच एवं जिला सचिव ज़मीर अब्बास ने कहा कि कूड़ो एक मिश्रित आत्म रक्षा की कला है। आपने बताया कि इस प्रशिक्षण सत्र में सैयद कबीर अब्बास ब्लैक बेल्ट और खुशी भाटी ब्लैक बेल्ट बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस अवसर पर जज़्बा मेंबर मंसूर हुसैन, वसीम अब्बास, इरशाद नागौरी, सादिक खान, सलीम देहलवी, हारून नागौरी, अत हर आलम अंसारी, जफर अंसारी, भूरू शेख जहीर शेख आदि उपस्थित थे।

### कपिला गौशाला में सहभागिता के साथ जुड़े

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री की परिकल्पना अनुसार कपिला गौशाला का उन्नयनिकरण एवं विकास कार्य किया जा रहा है। कपिला गौशाला में करवाये जा रहे विकास कार्यों का मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा स्वामी अच्युतानंद महाराज एवं एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चौहान के साथ अवलोकन किया गया। कपिला गौशाला अवलोकन के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशाला उन्नयनिकरण अन्तर्गत बनने वाले नवीन प्रवेश द्वार जिस पर गाय एवं बछडे की सुंदर आकृति, भगवान श्रीकृष्ण की छवि एवं बांसुरी की आकृति बनना है का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाए। महापौर मुकेश टटवाल ने उज्जैन के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि कपिल गौशाला में सहभागिता कर अपने जीवन को आलोकित करे।

### उज्जैन में इंटर-स्टेट गुरमत शिविर

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ केंद्रीय गुरु सिंह सभा द्वारा एक भव्य इंटर-स्टेट गुरमत शिक्षण शिविर 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कैंप 1 जून से 8 जून तक श्री गुरुद्वारा गुरु नानक घाट, उज्जैन में आयोजित होगा। शिविर में राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के युवाओं को सिख धर्म की मर्यादाओं से जोड़ने और उन्हें तारणहार बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस शिविर का संचालन एसजीपीटी धर्म प्रचार कमेटी तत्वावधान में किया जाएगा। कैंप स्थान गुरुद्वारा श्री गुरु नानक घाट उज्जैन आगमन की 31 मई दोपहर 5 बजे तक, उद्घाटन समारोह 1 जून को प्रात: 10 बजे और समापन समारोह 8 जून को दोपहर 2 बजे होगा।

# जहां-जहां तक लगे हैं निशान, वहां वहां टूटेंगे सारे मकान

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो दिवसीय दौरे के बाद अफसर उतरेंगे मैदान में

**6 जून से चौड़ीकरण के काम में आएगी तेजी**

**शिप्रा परिक्रमा और पर्यावरण दिवस के रहेंगे आयोजन**





**उज्जैन।** बियाबानी से लेकर तेलीवाड़ा चौराहे तक निजातपुरा से कंठाल चौराहे तक जो मकान दुकान रहवासियों द्वारा अपने हाथों से तोड़े जा रहे हैं, वह एक शहर वासियों के लिए बड़ा उदाहरण है। अब आगे जहां तक नगर निगम चौड़ीकरण के लिए निशान लगा चुका है वहां-वहां तक मकान तोड़े जाएंगे। 6 जून से कार्य में तेजी आएंगी।

नवभारत से चर्चा में नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक और एसडीएम एल एन गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुरूप अनुसार शहर की सभी संकुचित सड़क चौड़ी की जाएगी। ताकि सिंहस्थ 2028 में आने वाले आगंतुक व श्रद्धालुओं सहित संतों को समस्या का सामना करना पड़े। यातायात व्यवस्था बाधित विवादित ना हो, इसके लिए जहां-जहां तक निशान लग चुके हैं। वहां वहां तक कार्रवाई जरूर की जाएगी। चौड़ीकरण हर हाल में किया जाएगा।

पूर्व में कलेक्टर रौशन सिंह, निगम आयुक्त आशीष पाठक सहित जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने कोयला फाटक से गोपाल मंदिर तक प्रस्तावित चौड़ीकरण मार्ग का निरीक्षण भी किया था। ऐसे में अभी यहां तुड़ाई का कार्य चल रहा है रहवासियों द्वारा स्वयं के रुपए खर्च करके निर्माण हटाए जा रहा है। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को देखते हुए सड़कों के चौड़ीकरण का काम शुरु हो गया है। जिसके लिए सेंट्रल मार्किंग का काम पूरा हो चुका है। सड़क मार्ग के बीच में आने वाले मकानों और दुकानों की मार्किंग कर ली गई है। साथ ही खाली करने का नोटिस भी दिया गया है।

### 18 मीटर हो जाएगी सड़क, 400 करोड़ खर्चा

कोयला फाटक से गोपाल मंदिर तक 1200 मीटर लंबा मार्ग है। इस मार्ग की चौड़ाई 6 से 8 मीटर है। चौड़ीकरण के बाद ये 18 मीटर लंबी हो जाएगी। चौड़ीकरण का काम साढ़े 14 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। सिंहस्थ के पहले यह काम खत्म करना जरूरी है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने हाल ही में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रस्तावित योजना के तहत शहर की कई सिंगल लेन सड़कों को टू लेन किया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 400 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। चौड़ीकरण की जद में आने वाले घरों, दुकानों, मंदिरों और अन्य अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### कलेक्टर बोले 6 जून से आगे की प्रक्रिया

जिलाधीश रौशन कुमार सिंह ने बताया कि अभी तो रहवासी अपने हाथों से स्वयं मकान तोड़ रहे हैं। यदि रहवासी अपने हाथों से वह हिस्सा हटा लेंगे तो जेसीबी पोकलेन से ज्यादा नुकसान नहीं होगा। इधर दो दिवसीय मुख्यमंत्री का आगमन उज्जैन में होना है। शिप्रा परिक्रमा तीर्थ यात्रा और पर्यावरण प्रोग्राम है। इसके बाद 6 जून से शहर में हो रहे चौड़ीकरण के कार्य में तेजी आएगी। निगम की टीम के द्वारा कोयला फाटक से कंठाल चौराहा से गोपाल मंदिर और बियावानी से तेलीवाड़ा होते हुए सड़क की नपाई कर बीच में आने वाले मकानों और दुकानों में मार्किंग कर दी गई है। इसमें प्रभावित भवन और भू-स्वामियों को जगह खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीण वृद्ध को कार ने कुचला, मौत

**उज्जैन। मॉर्निंग वॉक पर मंगलवार सुबह निकले वृद्ध को तेज गति से आई कार ने कुचल दिया। ग्रामीण गंभीर हालत में चालक अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन वृद्ध की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।**

कायथा में रहने वाले लोकेन्द्र पिता गोवर्धनसिंह सिसौदिया 72 वर्ष खेती-किसानी का काम करते थे। सुबह वह प्रतिदिन की तरह मॉर्निंग वॉक पर घर और खेत के बीच जाने के लिए निकले थे। रास्ते में कोल्ड स्टोर के पास तेज गति से आए अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। ग्रामीणों ने लोकेन्द्र सिसौदिया को घायल हालत में देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके से उपचार के लिए उज्जैन लाया गया लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। कायथा थाना पुलिस दुर्घटना के बाद घटना स्थल पहुंची थी। मामले में मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### देशी रिवाल्वर के साथ हिरासत में आया युवक

उज्जैन। रिवाल्वर लेकर घूम रहे युवक की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की और हिरासत में लिया। उसके पास से रिवाल्वर जप्त की गई जिसमें 6 राउंड लगे हुए थे। युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि रात में चेकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि टंकारिया रोड पर एक युवक रिवाल्वर लेकर घूम रहा है। तत्काल पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की। युवक ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर रिवॉल्वर बरामद हुई जिसमें 6 राउंड लगे हुए थे। पुलिस के अनुसार आरोपी ग्राम टंकारिया का रहने वाला लखन उर्फ लक्की पिता लीलाधर बाथम है। पूर्व भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया।

### कूलर सुधारते समय लगा ग्रामीण को करंट

चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम लेकोड़ा में रहने वाला दो बच्चों का पिता रवि पिता राधेश्याम पटेल रात को अचानक बंद हुए कूलर को सुधारने का काम कर रहा था। उसी दौरान करंट लगने से बेहोश हो गया। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने घटना स्थल की जांच के बाद रवि का पोस्टमार्टम कराया है। इधर तराना की रहने वाली बबली पति ईश्वर को रात में परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उसकी सुबह मौत हो गई। माधव नगर पुलिस ने मर्ग कायम किया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि बबली ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ती देखी तो उपचार के लिए उज्जैन लेकर आए थे। फिलहाल बबली के जहर खाने की वजह सामने नहीं आ पाई है। पुलिस के अनुसार मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज करेगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

**उज्जैन।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जिला उज्जैन के न्यायालय द्वारा आरोपी अब्दुल सईद पिता अब्दुल अजीज उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम केसवाल माकड़ौन हाल मुकाम गली नंबर 2 नागझिरी जिला उज्जैन को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनिम में आजीवन कारावास शेष प्राकृत जीवनकाल के कठोर कारावास एवं कुल 5 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रभारी उप-संचालक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर ने बताया कि प्रकरण के फरियादी अभियोक्त्री के पिता ने अपने छोटे भाई के साथ आकर 17 अगस्त 2023 को आरक्षी केन्द्र नागझिरी में रिपोर्ट लिखाई कि वह वेल्डिंग का काम करता है और विगत एक वर्ष से किराये के मकान में निवास कर रहा है। उसकी दो बड़ी लड़कियों की शादी हो चुकी है, दोनों अपने-अपने ससुराल में रहती हैं तथा छोटी लड़की अभियोक्त्री उम्र 16 साल 10 माह उसके साथ रहती है। कल रात को वे सभी लोग खाना खाकर सो गये थे, जब सुबह उसकी पत्नी ने लगभग 5.30 बजे उठ कर देखा तो अभियोक्त्री अपने बिस्तर पर ही थी तथा सुबह लगभग 7 बजे उसकी बेटी अभियोक्त्री घर में नहीं दिखी तो उन्होंने उसकी सहेली व रिश्तेदारी में उसकी सभी स्थानों पर तलाश की किंतु उसका कोई पता नहीं चला है। कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर भगा कर साथ ले गया है। उसे शंका है कि उसकी लड़की को उसके मौसाजी अब्दुल सईद, निवासी नागझिरी बहला फुसला कर ले गया होगा। रिपोर्ट पर से थाना नागझिरी के अपराध पंजीबद्ध कर 1 अक्टूबर 2023 को अभियोक्त्री की दस्तयाबी उपरांत अभियोक्त्री ने उसे अभियुक्त द्वारा बहला-फुसला कर गुजरात ले जाकर वहां किराये के कमरे में रख कर उसके साथ कई बार लैंगिक संभोग किए जाने बाबत कथन पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा संपूर्ण अन्वेषण पश्चात् अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## सूखे कुएं में मिली महिला की लाश, सिर पर चोट के निशान

### मामला हत्या का पुलिस कर रही पहचान के प्रयास

**उज्जैन। मंगलवार सुबह उन्हेल में महिला की लाश मिलने पर सनसनी फैल गई। मामला हत्या का होना सामने आया है। पुलिस और एफएसएल की टीम मामले की जांच में जुटी है। मृतक महिला के हाथ पर कमलाबेन लिखा होना सामने आया। विदित हो कि महिला को बिस्तर में लपेट कर फेंका गया था। जब लोगों ने बिस्तर में लिपटी हुई देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर थाना पुलिस पहुंची और जांच शुरू की गयी।**

उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा में पंचायत के सामने 8 फीट गहरे बिना पानी के कुएं में सुबह कुछ लोगों ने एक महिला की लाश पड़ी देखी तो पुलिस को सूचना दी। उन्हेल थाना टीआई अशोक शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम कुएं में उतरी महिला के सिर पर चोट के निशान थे। ऐसा लग रहा था कि उसे फेंका गया है। महिला की जुबान भी बाहर निकली हुई थी। मामला हत्या का सामने आने पर जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया। महिला ने ग्रामीण परिवेश की धोती और ब्लाउज पहन रखा था। एफएसएल जांच में पता चला कि उसके हाथ पर कमलाबेन गुदा हुआ है और ओम लिखा हुआ है। पुलिस ने आसपास के लोगों से उसकी पहचान के प्रयास किया लेकिन नहीं हो पाई। टीआई शर्मा के अनुसार महिला 35 से 40 वर्ष की होना प्रतीत हो रही है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। आसपास सीसीटीवी कैमरो की जानकारी जुटा जा रही है। जिससे महिला के संबंध में जानकारी सामने आ पाएगी।

### घटि्टया हत्याकांड में दो से पूछताछ

घटिया थाना क्षेत्र के ग्राम निपानिया गोयल में रविवार रात ग्राम डोंगला राघवी के रहने वाले बहादुरलाल परमार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे जिसमें एक ऑटो होना सामने आया था। जिसकी तलाश जारी है। वहीं मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि तत्कालीन विवाद होने पर चाकू मारकर हत्या की गई है। संभावना है कि एक-दो दिन में मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### 1.92 लाख में बिके तीन थानों के जब्त 36 वहान

उज्जैन। जिले के थानों पर सालों से जब्त वाहनों की नीलामी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंगलवार को माधव नगर थाने में अनुभाग के 36 वाहनों की बोली लगाई गई। 1.92 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। शाम को महाकाल थाने पर नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। पुलिस विभाग और प्रशासन की मौजूदगी में सालों से अपराध और घटनाओं में जप्त वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पूरे जिले में शुरू हो चुकी है। मंगलवार को माधवनगर, नागझरी और नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा जब्त किए गए 36 वाहनों की नीलामी माधव नगर थाना परिसर में की गई। दोपहर 12 बजे शुरू हुई नीलामी प्रक्रिया 3 घंटे तक चली। सभी 36 वहान 1.92 लाख रुपए में बिके। माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि नीलामी में 47 लोगों ने भाग लिया था। मंगलवार को ही बड़नगर थाना परिसर में 14 वाहनों को नीलाम किया गया। यहां पर बोली के दौरान 1.39 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। सोमवार देर शाम खाराकुआं थाने पर 38 वहान नीलाम किए गए थे। शासन को 75,000 का राजस्व मिला था। महाकाल थाने पर मंगलवार शाम को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई जो देर रात तक चलने की संभावना है।

### चाकू के साथ आरोपी को किया गया गिरफ्तार

उज्जैन। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात मयूर खंडेलवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक नागदा बृजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिरलाग्राम उप निरीक्षक जितेंद्र पाटीदार ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नायन रोड पुल से पहले बिरलाग्राम पर विजय पिता बाबूलाल चंद्रवंशी उम्र 27 साल निवासी ग्राम नयापुरा अमलावदीया थाना बिरलाग्राम को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी विजय पिता बाबूलाल चंद्रवंशी को पूर्व में भी थाना बिरलाग्राम पुलिस द्वारा उसके जन्मदिवस पर सार्वजनिक स्थल पर भीड़ जुटाकर तलवार नुमा चाकू से केक काटने के संबंध में पुलिस द्वारा आरोपी को उचित समझाइए दी थी। उसके बावजूद भी आरोपी इस प्रकार की हरकतों से बाज नहीं आया। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 146/2025 धारा 25 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी उनि जितेन्द्र पाटीदार सउनि सरदार सिंह, प्रधान आरक्षक गणेश पाल आरक्षक अर्जुन, संदीप, जितेन्द्र सेंगर सराहनीय भूमिका रही।

### रामघाट पर डूब रहे 2 बालकों को होमगार्ड ने बचाया

**उज्जैन।** स्नान के दौरान जबलपुर को एक परिवार प्रात: 6.30 बजे रामघाट आरती स्थल पर स्नान कर रहा था। स्नान के दौरान परिवार के 8 एवं 9 वर्षीय दो बालक नहाते समय एकाएक पानी में डूबने लगें बालकों को पानी में डूबता हुआ देख घाट पर तैनात होमगार्ड जवान गोपाल रावत ने तत्काल पानी में छलांग लगाई और डूब रहे दोनों बालकों को तैराकी कर सुरक्षित बाहर निकाला। जवानों के इस साहसिक कार्य की बालकों के परिवार ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। जिला सेनानी संतोष कुमार जाट ने बताया कि रामघाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु होमगार्ड एंव एसडीईआरएफ के जवान लगातार तीनों शिफ्टों में मय आपदा उपकरण के तैनात किए गए है।

**मंदिर में हरकत** | पत्नी ने बदमाश का हाथ पकड़ लिया तो वह भाग निकला पर पैंडल गायब हो गया

# महाकाल में लाइन में खड़े मुंबई के श्रद्धालु से चेन छिनने की कोशिश

नवभारत न्यूज



**उज्जैन।** मंदिर के बाहर तो भक्तों से ठगी होती ही थी। लेकिन मंदिर के अंदर इस प्रकार की वारदात सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिंह लगा रही है। महाकाल दर्शन के लिए लाइन में लगे मुंबई से आए श्रद्धालु दिलीप दुबे के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हुई है। उनकी पत्नी भी साथ में लाइन में लगी थी। उसने जब बदमाश को चेन खींचते हुए देख लिया तो उसका हाथ पकड़ लिया लेकिन बदमाश महिला से हाथ छुड़ाकर भाग निकला। इस बीच चेन से श्रद्धालु का पैंडल गिर गया। जानकारी मिली है कि उक्त बदमाश के साथ दो-तीन अन्य साथी भी आए थे, जो भीड़ से निकलकर बाहर चले गए। महिला श्रद्धालु की सतर्कता के कारण चेन तो बच गई। लेकिन उसमें लगे सोने का देवी मां का पैंडल कहीं गिर गया जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला। हालांकि श्रद्धालु इस घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज नहीं कराई। उन्होंने केवल मंदिर समिति की आईटी सेल में जाकर इसकी जानकारी दी थी।

### आईटी सेल ने मौके पर पहुंचकर पैंडल तलाशा लेकिन नहीं मिला

मंदिर समिति के आईटी सेल प्रभारी निर्मल सांखला ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। लेकिन गिरा हुआ पैंडल काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला। सांखला ने बताया कि घटना स्थल एक कोने में होने के कारण वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं दिखता। इसलिए पैंडल गिरने का स्थान सही नहीं मिल पाया। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि मंदिर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम होने के बावजूद इस तरह की वारदातें होना खतरे से खाली नहीं है। बदमाश श्रद्धालु महिला पर हमला भी कर सकता था।

### चांदी के छत्र, मुकुट व पाटला दान में दिया



महाकाल मंदिर में पुजारी आकाश शर्मा की प्रेरणा से एक भक्त ने चांदी से बना एक छत्र भेंट किया। जिसका वजन लगभग 1006.800 ग्राम है। दानदाता ने अपना नाम गुप्त रखने की इच्छा प्रकट की है। पुरोहित आदेश शर्मा की प्रेरणा से मुंबई के साहिल लकड़ी पर बना चांदी का पाटला दान दिया। वहीं नई दिल्ली से आए भक्त सौरभ भानु ने पुरोहित शिवम शर्मा की प्रेरणा से चांदी का एक मुकुट दान दिया है। मंदिर प्रबंध समिति ने तीनों भक्तों का नंदीहॉल में बाबा का प्रसाद व दुपट्टे से सम्मान किया।